# अभ्यास प्रश्न-पत्र : 3 (2020-21)

## कक्षा-12

## विषय- राजनीति विज्ञान (028)

**समय** : 3 hrs. **अधिकतम अंक** : 80

**सामान्य निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. खंड ए मे1-16 तक सभी प्रश्न वस्ति ुनष्ठ प्रकार के हैं।
3. खंड बी मेअवतरण पर आधारित प्रश्न 17 और 18 हैऔर प्रत्येक 1 अंकीय प्रश्न बह ु-विकल्प पर आधारित है।
4. प्रश्न संख्या 19-22 मे2 अंक ह ैं। इन सवालों के जवाब प्रत्येक के 40 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 23-27 मेप्रत्येक पर 4 अंक ह ैं। इन सवालों के जवाब 100 शब्दों से अधिक नहीं होने चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 28-29 मानचित्र और कार्टून प्रश्नों से संबंधित है, जिनमेसे प्रत्येक के अन ुसार 5 अंक दिए जा सकते ह ैं।
7. प्रश्न संख्या 30-32 मेप्रत्येक पर 6 अंक ह ैं। इन प्रश्नों का उत्तर प्रत्येक का 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

**<u>खंडए</u>**

**1.** रेखांकित शब्द को ठीक करके इस कथन को प ुनः लिखिए। 1

वर्ष 1917 मेरूस मेप <u>ूंजीवादी</u> क्रांति ह ुई।

2. गुट-निरपेक्ष संगठन की स्थापना वर्ष _________ मेह ुई। 1

3. सही अथवा गलत लिखे।	1

बैंकॉक घोषणा-1967 का सम्बन्ध यूरोपियन संघ की स्थापना से है

(सही / गलत)

4. ऑपरेशन थंडर बोल्ट- 1976 का सम्बन्ध किस देश से है ?	1

क) चीन

ख) रूस

ग) इजराइल

घ) ब्राज़ील

5. भारत मे कौन सी शासन पद्धति है ?	1

क) संसदीय लोकतंत्र

ख) अध्यक्षात्मक

ग) अर्ध अध्यक्षात्मक

घ) इनमे से कोई नहीं

**6.** दिए गए कथन के लिए सही अथवा गलत लिखिए ।	1

बहुराष्ट्रीय निगमों का व्यापार एक से अधिक देशों मे होता है (सही / गलत)

7. यूरो किस संगठन की मुद्रा है ?	1

8. भारत मे“लौह प ुरुष” के नाम से किन्हेजाना जाता है ? 1

**9.** रिक्त स्थान भरे **1**

दराबाद रियासत के शासक को .......... कहा जाता था ।

10. राज्य पुनर्गठन आयोग कब बनाया गया ? 1

क) 1950

ख) 1953

ग) 1957

घ) 1959

11. नीति आयोग का पदेन अध्यक्ष कौन होता है? 1

12. राष्ट्रीय विकास परिषद के अध्यक्ष कौन होते है? 1

13. केंद्र मेपहली गैर कॉंग्रेसी सरकार किस वर्ष बनी ? 1

14. श्री कांशी राम जी कौन सी राजनीतिक पार्टी के संस्थापक थे ? 1

15. 2019 मेभारत मेकौन सी लोकसभा के लिए च ुनाव हुए ? 1

क) 15 वीं

ख) 16 वीं

ग) 17 वीं

घ) 18 वीं

16. “सबका साथ-सबका विकास” किस गठबंधन का म ुख्य दृष्टिकोण है? 1

## खंड बी

17. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़े और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें: (1+ 1+ 1 + 1 = 4)

आपातकाल की घोषणा के साथ ही शक्तियों के बँटवारे का संघीय ढाँचा व्यवहारिक तौर पर निष्प्रभावी हो जाता है और सारी शक्तियाँ केंद्र सरकार के हाथ में चली आती है। दूसरे, सरकार चाहे तो ऐसी स्थिति में किसी एक अथवा सभी मौलिक अधिकारों पर रोक लगा सकती है अथवा उस में कटौती कर सकती है ।संविधान के प्रावधान में आए शब्दों से यह स्पष्ट हो जाता है कि आपातकाल को वहां एक असाधारण स्थिति के रूप में देखा गया है जब सामान्य लोकतांत्रिक राजनीति के कामकाज नहीं किए जा सकते हैं। इसी कारण सरकार को आपात काल की स्थिति में विशेष शक्तियाँ प्रदान की गई है। 25 जून 1975 की रात में प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से आपातकाल लागू करने की सिफारिश की। राष्ट्रपति ने तुरंत उद्घोषणा कर दी । आधी रात के बाद सभी बड़े अखबारों के दफ्तर की बिजली काट दी गई। तड़के सबेरे बड़े पैमाने पर विपक्षी दलों के नेताओं और कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी हुई ।26 जून की सुबह 6:00 बजे एक विशेष बैठक में मंत्रिमंडल को इन बातों की सूचना दी गई ,लेकिन तब तक बहुत कुछ हो चुका था।

17.1 किस अनुच्छेद के तहत 25 जून 1975 को आपातकाल घोषित किया गया था?

a) अनुच्छेद 350 b) अनुच्छेद 352

c) अनुच्छेद 356 d) अनुच्छेद 360

17.2 आपातकाल की उद्घोषणा किसने जारी की?

a) राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद

b) प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी

c) जयप्रकाश नारायण

d) मोरारजी देसाई

17.3 राष्ट्रीय आपातकाल की अवधि मेनिम्नलिखित मेकौन सा कथन सही है?

a) शक्तियों के ब ँटवारे का संघीय ढाँच निष्प्रभावी हो जाता है

b) सारी शक्तियाँ कें द्र सरकार के हाथ मेचली आती है

c) सरकार चाहे तो मौलिक अधिकारों पर रोक लगा सकती है

d) उपरोक्त सभी

17.4 इंदिरा गांधी ने राष्ट्रीय आपातकाल किस आधार पर लगाया था?

a) सवैधानिक गड़बड़ी की आशंका मे

b) बाहरी गड़बड़ी की आशंका मे

c) अंदरूनी गड़बड़ी की आशंका मे

d) उपरोक्त सभी

18. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़ेऔर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर द ें:
(1+ 1+ 1 + 1 = 4)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेत ृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी को मई 2014 मेह ुए लोकसभा चुनावों मेप ूर्ण बह ुमत प्राप्त हुआ और भारतीय राजनीति मेलगभग 30 वर्षों के बाद, कें द्र मेप ूर्ण बह ुमत की सरकार बनी । यद्यपि राजग (एनडीए) कहा जाने वाला 2014 का भाजपा के नेत ृत्व वाला गठबंधन अपने प ूर्ववर्ती गठबंधन सरकारों से बड़े स्तर पर भिन्न था।जहां प ूर्ववर्ती गठबंधन एक राष्ट्रीय दल के नेत ृत्व मेहोते थे, वहीं राजग गठबंधन ना केवल एक राष्ट्रीय दल अर्थात भाजपा के मार्गदर्शन मेकार्य कर रहा था अपित ु लोकसभा मेएक प ूर्ण बह ुमत प्राप्त दल के प्रभ ुत्व के रूप मेभी था । इसे एक 'अतिरिक्त बह ुमत गठबंधन' भी कहा गया। इस अर्थ मेगठबंधन राजनीति की प्रक ृति मेएक बड़ा परिवर्तन देखा जा सकता है जो एक दलीय नेत ृत्वशील गठबंधन के स्थान पर एक दलीय प्रभ ुत्वशील गठबंधन के रूप मेदृष्टि गत होता है। स्वतंत्रता के पश्चात 17वीं लोकसभा च ुनाव 2019 मे प ुनः भाजपा के नेत ृत्व मे राजग 543 मेसे 350 से अधिक स्थानों पर विजय प्राप्त करके सत्ता के कें द्र मेआता है।स्वयं भाजपा ने इस लोकतंत्र च ुनाव मे 303 सीटों पर विजय प्राप्त की जो 1984 मेइंदिरा गांधी की हत्या के पश्चात कांग्रेस को मिली अप्रत्याशित विजय के पश्चात निम्न सदन मे किसी एक दल द्वारा विजित अब तक की सबसे बड़ी संख्या है।

18.1 2014 मेलोकसभा च ुनाव के बाद किस पार्टी ने कें द्र मेसरकार बनाई?

a) भाजपा b) कांग्रेस

c) एनडीए -3 d) एनडीए -4

18.2 17 वां लोकसभा चुनाव ------------ वर्ष मे आयोजित किया गया था।

a) 2004 b) 2009

c) 2014 d) 2019

18.3 गठबंधन राजनीति की प्रकृति मे एक बड़ा परिवर्तन देखा जा सकता है, जिसे 'एक दल के नेतृत्व वाले गठबंधन से एक दल के प्रभुत्व वाले गठबंधन' मे देखा जा सकता है। इस कथन मे किस दल को प्रभुत्व वाला दल कहा गया है।

a) कांग्रेस b) भाजपा

c) जनता पार्टी d) बी.एस.पी.

18.4 17 वीं लोकसभा चुनाव मे 543 मे से 303 सीटे --------- पार्टी ने जीतीं।

a) भाजपा b) कांग्रेस

c) एन.डी.ए. d) एसपी

**खंड सी**

**19.** शीत युद्ध से आप क्या समझते है ? 2

20. मानवाधिकारों की रक्षा मे सक्रिय किन्हीं दो स्वयंसेवी संगठनों का वर्णन कीजिये? 2

21. नीति आयोग की किन्हीं दो विशेषताओं को लिखिए। 2

22. भारतीय राजनीति के बदलते रुझानों व विकास के संदर्भ मे दलों की अलग- अलग सोच होते हुए भी कुछ मुद्दों पर आम सहमति बनी आपके विचार से ऐसे दो मुद्दे कौन से है ? 2

अथवा

गुटनिरपेक्ष आंदोलन को शुरू करने वाले प्रारंभिक देशों व नेताओं के नाम लिखिए।

**खंड-डी**

23. भारत की विदेश नीति के किन्हीं चार तत्वों का वर्णन करिए । 4+1=4

24. अभ्युत्थान का क्या अर्थ है? भारतीय राजनीति के तीन अभ्युत्थानों का वर्णन करें। 1+3=4

25. सुरक्षा परिषद के किन्हीं चार कार्यों का वर्णन करो। 4*1=4

अथवा

1992 मे UNO की आमसभा मे स्वीकृत प्रस्ताव मे UNO संगठन की कौन सी कमियों को स्वीकार किया गया? UNO की ओर से सुधार के लिए क्या किया गया? 4

26.'मैक्डोनाल्डीकरण' और 'सांस्कृतिक समरूपता' से आप क्या समझते है? 2+2=4

अथवा

वैश्वीकरण मे प्रौद्योगिकी का क्या योगदान है? 4*1=4


27. शीत युद्ध से हथियारों की होड़ और हथियारों पर नियंत्रण- ये दोनों ही प्रक्रियाओं पैदा हुई। इन दोनों प्रक्रियाओं के क्या कारण थे? 2+2=4

**खंड-ई**

28. एशिया के दिए गए मानचित्र मे ए, बी ,सी ,डी , ई , पांच देश दर्शाए गए है .नीचे दी गई जानकारी के आधार पर उन्हे पहचानिए और उनके नाम , प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा संबंधित अक्षर को दी गई तालिका के रूप मे अपनी उत्तर पुस्तिका मे लिखिए। (1+1+1+1+1+1=5)

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या | संबंधित अक्षर | देश का नाम |
|---|---|---|
| 1) | | |
| 2) | | |
| 3) | | |
| 4) | | |
| 5) | | |

1. 1985 में सार्क का पहला सम्मेलन इस देश में हुआ।
2. दक्षिण एशिया का एक द्वीपीय क्षेत्र जो 1968 तक एक सल्तनत था।
3. इस देश में सैनिक व असैनिक दोनों प्रकार के शासक रहे हैं।
4. इस देश में लोकतंत्र की पुनर्स्थापना 2006 में हुई।
5. LTTE से संबंधित देश।




नोट- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 28 के स्थान पर हैइनके उत्तर लिख ें। 5*1=5

1. सार्क की स्थापना कब की गई?
2. चीन WTO का सदस्य कब बना?
3. सियाचिन विवाद किन दो देशों के बीच है?
4. सार्क का सचिवालय कहां स्थित है?
5. दक्षिण एशिया के किन दो देशों मेआजादी के बाद से अभी तक सफल लोकतंत्र है?

**29.** दिए गए कार्टून का ध्यान पूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । (1+2+2=5)

( दो अंक के प्रश्नों के उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।)




29(i) कार्टून मेदाएं और खड़े नेता को पहचानिए और उसका नाम लिखिए । 1

29(ii) यह कार्टून राजा तथा प्रजा मे किस प्रकार के संबंधें को दर्शात है ? 2

29(iii) रजवाड़ों की समस्या को हल करने के लिए दाएं और खड़े नेता द्वारा अपनाया गया तरीका, आपकी राय में, कहां तक सफल रहा ? 2

नोट:- निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 29 के स्थान पर है।

29.1जवाहरलाल नेहरू की पहली मंत्री परिषद मे उप-प्रधानमंत्री कौन थे ? 1

29.2 सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व, मणिपुर के महाराजा को भारत सरकार द्वारा क्या आश्वासन दिया गया था ? 2

29.3 हैदराबाद की प्रजा मेसे किस वर्ग ने निजाम के विरुद्ध आवाज उठाई और क्यों ? 2

**खंड -एफ**

30. 1969 में काँग्रेस पार्टी के विभाजन के पश्चात, कांग्रेस प्रणाली की पुनर्स्थापना के लिए उत्तरदाई परिस्थितियों का विश्लेषण कीजिए । 6

अथवा

भारत मे संघ सरकार तथा न्यायपालिका के बीच संघर्ष को जन्म देने वाले घटनाक्रमों का परीक्षण कीजिए । 6

31. ऐसे किन्ही तीन प्रमुख कारकों का मूल्यांकन कीजिए, जो यूरोपीय संघ को आर्थिक सहयोग वाली संस्था से बदल कर, एक राजनीतिक रूप देने के लिए उत्तरदाई है। 6

अथवा

21वीं सदी मे कौन से कारक भारत को एक सशक्त देश बनाते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिये।। 6

32 भारत जैसे देशों के लिए सोवियत संघ के विघटन के क्या प्रमुख परिणाम हुए? वर्णन कीजिये 6

अथवा

अरब-क्रान्ति ने किस प्रकार पश्चिम एशियाई देशों मे लोकतन्त्र का मार्ग प्रशस्त किया? व्याख्या कीजिये। 6

***********